# राजभवन गोल्फ कोर्स का नैसर्गिक सौंदर्य अप्रतिम : लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने शुक्रवार को राजभवन में गोल्फ क्लब, नैनीताल के 18वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूनामेंट का टी ऑफ खेल कर शुभारंभ किया। 3 दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का समापन रविवार को होगा।प्रतियोगिता के लिए इस साल 125 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। आज पहले दिन 58 गोल्फर खेले, जिनमें 9 महिलाएं व 9 जूनियर गोल्फर्स शामिल हैं।
राजभवन देहरादून की जानकारी के अनुसार राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने कहा कि गोल्फ प्रतियोगिता में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ी हमारे ब्रांड एंबेसडर हैं। यहां खेलने वाले खिलाड़ी गोल्फ खेल के साथ-साथ नैनीताल सहित यहां के अन्य पर्यटक स्थलों का आनंद ले सकेंगे।



उन्होंने कहा कि राजभवन गोल्फ कोर्स का नैसर्गिक सौंदर्य अपने आप में अलग है। इसका नाम पूरी दुनिया में शामिल हो इसके लिए भी प्रयास किया जाएगा। देश के विभिन्न भागों से आए खिलाड़ी गोल्फ खेलने के साथ उत्तराखंड की नैसर्गिक सुंदरता और यहां के पर्यटन स्थलों के साथ-साथ जैव विविधता का भी लुत्फ उठा सकेंगे।

## पॉड टैक्सी योजना से नहीं होगा व्यापारियों का अहित : कौशिक



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा पार्षद दल के उपनेता अनिरुद्ध भाटी और शहर व्यापार मण्डल के संयुक्त महामंत्री राहुल शर्मा के नेतृत्व में स्थानीय व्यापारियों ने पूर्व शहरी विकास मंत्री, विधायक मदन कौशिक को ज्ञापन सौंपते हुए पॉड टैक्सी का मार्ग परिवर्तित करने की मांग की।
भाजपा पार्षद दल के उपनेता अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि हरिद्वार में तीर्थाटन और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र और प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी पॉड टैक्सी योजना धरातल पर उतरने को तैयार हो रही है। इस संदर्भ में निर्माण और संचालन के टेण्डर हो रहे हैं। हरिद्वार का समस्त व्यापारी वर्ग इस योजना का स्वागत करता है। उत्तराखण्ड के तत्कालीन शहरी विकास मंत्री होने के नाते इस योजना को केन्द्र से मंजूरी दिलाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस पॉड टैक्सी के प्रस्तावित मार्ग से शहर के अनेक क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं। पॉड टैक्सी के प्रस्तावित स्टेशनों के कारण शहर के व्यापारियों में भय का वातावरण व्याप्त हो रहा है।

# गौकशी करते एक गिरफ्तार, चार फरार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड गौवंश संरक्षण स्क्वाड गढ़वाल की टीम ने गौकशी करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। जबकि चार आरोपित फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस ने आरोपित के पास से गौमांस और गौकशी के उपकरण बरामद किए हैं।
पुलिस को लक्सर क्षेत्र के ग्राम जैनपुर खुर्द में अशरफ के गन्ने के खेत में कुछ व्यक्तियों के गौकशी किए जाने की सूचना मिली। इस पर पुलिस ने छापा मारा और मौके से एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के पास से लगभग 136 किलोग्राम गौमांस, गौकशी उपकरण बरामद किए।
पुलिस पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम इकबाल निवासी ग्राम जैनपुर, लक्सर हरिद्वार बताया। जबकि उसके चार साथी नौशाद, गुलजार, सिम्मा और ताजू निवासीगण ग्राम जैनपुर खुर्द, कोतवाली लक्सर, हरिद्वार फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस ने पकड़े गए आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है। जबकि फरार आरोपितों की तलाश में पुलिस जुटी है।



# छत से गिरकर भाजपा नेत्री की मौत

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद चर्चा में आई भाजपानेत्री की गुरुवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिर कर मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
ऋषिकेश कोतवाली प्रभारी निरीक्षक खुशीराम पांडे ने बताया कि गुरुवार की रात लगभग 9:30 बजे सूचना मिली थी कि गंगानगर निवासी भाजपानेत्री सिमरन गाबा अपने मकान की छत से गिर कर संदिग्ध परिस्थितियों में गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें राजकीय चिकित्सालय लाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भाजपा नेत्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद नगर में अटकलों का बाजार गर्म है।



पुलिस ने अस्पताल से सूचना मिलने के बाद सिमरन गाबा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों मुकेश गाबा की पत्नी सिमरन गाबा के भाजपा नेताओं के साथ संबंधों को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। इसके बाद पिछले दिनों मुकेश गाबा ने कोई जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया गया था। लोगों का कहना है कि वह कई बार आत्महत्या किए जाने की धमकियां भी दे चुका था। पति पत्नी के बीच संबंध अच्छे नहीं होने की अटकलें लग रही थी।

## महाराष्ट्र का तीर्थयात्री घोड़े से गिरकर घायल

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
महाराष्ट्र का एक तीर्थयात्री घोड़े से गिरकर घायल हो गया है। उसे एसडीआरएफ ने चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।
उत्तराखंड राज्य में चारधाम यात्रा के लिए देश भर से श्रद्धालुओं का आवागमन हो रहा है। श्रद्धालुओं की सुगम और सुरक्षित यात्रा को एसडीआरएफ टीमें संवेदनशील स्थानों पर नियुक्त रहकर यात्रियों को सकुशल यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही हैं। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर घोड़ापड़ाव के पास एक श्रद्धालु घोड़े से गिर गया,जिससे उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया। सूचना पर एसडीआरएफ रेस्क्यू टीम ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर त्वरित कार्यवाही करते हुए महाराष्ट्र के जलगांव 55 वर्षीय निवासी रमेश बिकाबारी को स्ट्रैचर के माध्यम से हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

# वित्तमंत्री ने की राजस्व अर्जन संसाधन वृद्धि की समीक्षा बैठक

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
वित्त मंत्री ने विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में स्टाम्प एवं निबंधन विभाग में राजस्व अर्जन और संसाधन वृद्धि की समीक्षा बैठक ली।
मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल ने पूर्व में दिये गये निदेर्शों के क्रम में विभाग की जा रही आनलाइन रजिस्ट्री, विभागीय कार्यप्रणाली में प्रौद्योगिकी के प्रयोग, डिजीटाइजेशन की प्रगति और राजस्व वृद्धि की समीक्षा करते हुए कुछ आवश्यक निर्देश दिये। मंत्री ने गत वित्तीय वर्ष की अपेक्षा इस वित्तीय वर्ष 2022-23 में अधिक राजस्व की प्राप्ति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के देहरादून, उधमसिंह



नगर, नैनीताल और हरिद्वार जनपद में विभाग को उल्लेखनीय राजस्व प्राप्ति हुई है। अन्य जनपदों में भी उन्होंने राजस्व वृद्धि के लिए आवश्यक हिदायतें दीं। मंत्री ने सभी राजकीय विभाग जिनमें स्टाम्प का प्रयोग किया जाता है, इन विभागों से राजस्व प्राप्ति के लिए अधिकारियों से चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने मा. मंत्री को अवगत कराया कि उनके द्वारा पूर्व में दिये गये निदेर्शों के क्रम में प्रदेश के लगभग सभी स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन कार्यालयों में आने वाले आवेदकों के लिए आवश्यकतानुसार टिन शेड एवं पेयजल इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित कर दी गई है। मंत्री ने कहा कि जनता को मिलने वाली सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।
मंत्री ने बताया कि विभाग द्वारा कार्यालयों को कैशलेस करना, वर्चुअल पंजीकरण प्रणाली को लागू करना, पुराने अभिलेख का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन करना, आधार प्रमाणीकरण/ई-के.वाई.सी. तथा ब्लॉकचेन डी.एम.एस. और क्यू.आर. कोड सत्यापन आदि कार्ययोजनाओं को जनहित में प्रस्तावित किया जा रहा है, जिससे आमजन को पारदर्शी और सुविधाजनक कार्यप्रणाली उपलब्ध करायी जा सके।

## न्यूज फ्लैश

### भाजपा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आज

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक शुक्रवार दोपहर बाद पार्टी मुख्यालय पर शुरू होगी। इस बैठक में मुख्यमंत्री और सह प्रभारी रेखा वर्मा भी मौजूद शामिल होंगी।
बताया गया कि बलवीर रोड पर स्थित पार्टी मुख्यालय पर अपराह्न 3 बजे दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होगी। इस बैठक में प्रदेश पदाधिकारी के साथ सांसद भी शामिल होंगी। बैठक में 30 मई से होने वाले पार्टी के महाजनसंपर्क अभियान की रुपरेखा पर मंथन के साथ ही जिम्मेदारियां भी सौंपी जा सकती हैं।इस प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री एवं महाजनसंपर्क अभियान के प्रभारी तरुण चुघ, उत्तराखंड भाजपा प्रभारी दुष्यंत गौतम, प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा समेत अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हो सकते हैं।

### संकटग्रस्त सूडान में फंसे उत्तराखंड के दो लोगों की सुरक्षित वापसी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
संकटग्रस्त सूडान में फंसे उत्तराखंड के दो लोगों की शुक्रवार सुबह छह बजे सुरक्षित स्वदेश वापसी हो गई। केंद्र सरकार के ऑपरेशन कावेरी के तहत



भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से अन्य भारतीय नागरिकों के साथ दोनों नई दिल्ली पहुंच गए।
स्वदेश लौटे इन नागरिकों में उत्तराखंड के अनिल कुमार और अमित कुमार भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर इनके गंतव्य स्थान ( देहरादून और हल्द्वानी) पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। अनिल और अमित ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री धामी का आभार जताया है। अब तक सूडान से उत्तराखंड के 30 नागरिकों की वापसी हो चुकी है। ऑपरेशन कावेरी 24 अप्रैल को शुरू किया था।

# गोविंद घाट से पंच प्यारों की अगुवाई में पहले जत्थे ने किया प्रस्थान

**8 हेमकुंड साहिब पहुंचने वाले श्रद्धालु पवित्र लक्ष्मण मंदिर के दर्शनों को भी जा सकेंगे**

**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
सिखों के पवित्र धाम हेमकुंड साहिब के कपाट शनिवार को खोले जाएंगे। शुक्रवार को मुख्य पड़ाव गोविंद घाट से पंच प्यारों की अगुवाई में जत्थों ने गोविंदधाम-घांघरिया के लिए प्रस्थान किया।
पहले जत्थे की रवानगी के मौके पर श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष



नरेंदरजीत सिंह बिंद्रा के अलावा बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार,सेनि बिग्रेडियर देवेंदर सिंह, नौ स्वतंत्र पर्वतीय ब्रिगेड ग्रुप के कर्नल सैनी, सेना की 418 इंजीनियर कंपनी के कमान अधिकारी कर्नल सुनील यादव, हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के मुख्य प्रबंधक सरदार सेवा सिंह सहित पुलिस,प्रशासन, बीआरओ सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।
पंच प्यारों की अगुवाई में दिल्ली की देवेंदर कौर, गुरदासपुर के बलजीत सिंह व रोपड़ के जगदीप सिंह के जत्थों के साथ अनेक श्रद्धालुओं ने प्रस्थान किया।
इससे पूर्व पंजाब के पूर्व सैनिकों एवं सेना की गढ़वाल स्काउट बटालियन की मधुर बैंड धुन के बीच प्रातः साढ़े सात बजे अखण्ड पाठ का भोग प्रसाद, अरदास और मुखवाक के उपरांत जत्थों ने जयकारों के साथ प्रस्थान किया।
मुख्य प्रबंधक सेवा सिंह के अनुसार श्री हेमकुंड साहिब के साथ ही लक्ष्मण मंदिर-लोकपाल तीर्थ का मार्ग भी दुरुस्त कर लिया गया है। हेमकुंड साहिब पहुंचने वाले श्रद्धालु पवित्र लक्ष्मण मंदिर के दर्शनों को भी जा सकेंगें।

## वट अमावस्या के दिन सुहागिनों ने पति की दीर्घायु के लिए वटवृक्ष को पूजा

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
वट अमावस्या के दिन तीर्थ नगरी ऋषिकेश में महिलाओं ने वट सावित्री व्रत रखकर वट वृक्ष (बरगद) की पूजा अर्चना की और अपने पति की दीर्घायु की कामना की। शुक्रवार की सुबह त्रिवेणी घाट स्थित प्राचीनतम वटवृक्ष स्थल पर पूजा के लिए सुहागिनों का दिनभर तांता लगा रहा। सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा और परिक्रमा कर उसमें मोली बांधी और पति की दीर्घायु की कामना की।

# सड़क किनारे घायल मिले मैकेनिक ने अस्पताल में तोड़ा दम

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
गौलापार में हाइवे किनारे घायल मिले युवक की शुक्रवार सुबह सुशीला तिवारी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की बहन का कहना है कि घटना कोई हादसा नहीं बल्कि हत्या है। उसके भाई को चाकू के वार से मौत के घाट उतारा गया है।
परिजनों ने दो युवकों पर हत्या करने का शक भी जताया गया है। शहजाद की मौत के बाद हल्द्वानी पोस्टमार्टम हाउस लोगों की भीड़ लग गई। हंगामे की आशंका के चलते बनभूलपुरा पुलिस भी मोर्चरी पहुंच गई है। कोतवाल ने



लोगों को समझाने का प्रयास किया।
वार्ड 30 उजाला नगर निवासी शहाना के अनुसार उसके 27 वर्षीय भाई शहजाद की ऊंचापुल के पास ऑटो रिपेयरिंग की दुकान है। इसके अलावा अपने ऑटो भी हैं। 13 मई की दोपहर शहजाद अपनी पत्नी शाहीन को लेकर डॉक्टर के पास गया था। इस दौरान दो युवक भी ऑटो में थे। अस्पताल से पत्नी को घर छोड़ने के बाद युवक किसी काम से बाहर चला गया। देर शाम जख्मी हालत में शहजाद गौलापार स्थित एक पेट्रोल पंप के पास पड़ा मिला।स्थानीय लोगों की मदद से उसे उपचार के लिए एसटीएच लाया गया, जहां शुक्रवार सुबह युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर स्थानीय लोग भी एकजुट हो गए। मृतक के स्वजनों का कहना है कि शहजाद की हत्या हुई। घटना वाले दिन साथ घूम रहे दो युवकों को पकड़ने के बाद पुलिस को हकीकत पता चलेगी। एसआई मनोज यादव ने लोगों को समझाते हुए कहा कि मामला काठगोदाम थाने से जुड़ा है। मामले की जांच के लिए सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

## बिल्डरों ने गंगा में बना डाली दीवार, अवैध कब्जा करने की तैयारी

### -जनता की शिकायत के बाद भी विकास प्राधिकरण और सिंचाई विभाग मौन



**हरिद्वार**
श्यामपुर कांगड़ी क्षेत्र में श्री श्याम बैकुंठ धाम आश्रम के पीछे दो बिल्डरों ने सिंचाई विभाग की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर गंगा के अंदर कंक्रीट की दीवार बना दी है। दीवार बनाने के बाद बिल्डर अब कॉलोनी का निर्माण करने की तैयारी में है।
हाल ही अवैध अतिक्रमण की जद में आने वाली मजारों को तोड़ने का कार्य प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में वन विभाग कर रहा है। अब तक कई मजारें भी तोड़ी भी जा चुकी हैं। मजारें टूटने के बाद अब सरकार की ओर से नदियों के किनारे हुए अवैध अतिक्रमण को तोड़ने के निर्देश भी जारी किए हैं, लेकिन हरिद्वार के श्यामपुर क्षेत्र में दो बिल्डरों ने गंगा के अंदर ही कंक्रीट की दीवार बनाकर सरकार के अवैध अतिक्रमण मुक्त अभियान पर पानी फेर दिया है।
इस संबंध में विकास प्राधिकरण और सिंचाई विभाग को भी शिकायत की गई, लेकिन उसके बाद भी विभाग दोनों बिल्डरों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई अमल में नहीं ला रहा है। इस तरह का निर्माण बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में एनजीटी के नियमों के विपरीत है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में इस तरह के प्रोजेक्ट और अवैध कॉलोनियों के निर्माण से भविष्य में जान-माल को भारी नुकसान हो सकता है। गंगा की परिधि के 200 मीटर के दायरे में 667 एनजीटी के अनुसार कोई निर्माण नहीं हो सकता, लेकिन बिल्डरों ने गंगा के अंदर ही दीवार का निर्माण कर डाला और अब जेसीबी से अवैध भराव कर गंगा में कब्जा किया जा रहा है।

# जी-20 समिट के लिए ऋषिकेश के पूरे क्षेत्र को 5 जोन और 10 सेक्टर में बांटा गया: एसपी

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
तीर्थनगरी में होने वाले जी-20 समिट के लिए सुरक्षा व्यवस्था और कार्यक्रम की सफलता की दृष्टि से पूरे क्षेत्र को 5 जोन और 10 सेक्टर में बांटा गया है।
पौड़ी की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 24 मई से ऋषिकेश में होने वाली जी-20 बैठक के दौरान आने वाले मेहमानों की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस के किए जाने वाले 23 मई को पूर्वाभ्यास के चलते सभी व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की।
गुरुवार को थाना लक्ष्मण झूला में हुई बैठक के दौरान पौड़ी की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने बताया कि ऋषिकेश के परमार्थ निकेतन के घाट पर जी-20 सम्मेलन के चलते आयोजित गंगा आरती में विदेशी मेहमानों प्रतिभाग करने आ रहे हैं। उनकी सुरक्षा व्यवस्था और



स्वागत अतिथि देवो भव की तरह करना हमारा कर्तव्य है। इसके चलते पूरे इलाके को 5 जोन और 12 सेक्टर में बांटा गया है। इसके अतिरिक्त दो कंपनी ,एक प्लाटून पीएसी एक बम निरोधक दस्ता, तीन टीमें जल पुलिस, 5 एएसपी, 8 सीओ, 10 एस एचओ, 47 एसआई , 10 महिला उप निरीक्षक, 206 कांस्टेबल जिसमें महिलाएं भी शामिल रहेंगी, ये आयोजन स्थल के इलाके में तैनात रहेंगी। उन्होंने बताया कि आरती के समय कुछ समय के लिए पुलों पर आवाजाही रोकने के बाद पुलों को सभी के लिए खोल दिया जाएगा, यह व्यवस्था पौड़ी पुलिस के समन्वय के आधार पर की जाएगी।
इसे देखते हुए विदेशी मेहमानों को जानकी पुल से परमार्थ निकेतन लाया जाना सुनिश्चित किया गया है। इसके लिए पुलिस 23 मई को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूर्वाभ्यास करेगी। इस दौरान व्यापारियों और यहां आने वाले यात्रियों को कुछ समय के लिए रोका जा सकता है।
व्यापारी नेताओं ने अपनी समस्याओं को रखते हुए कहा कि स्वर्ग आश्रम क्षेत्र में खुलने वाली दुकानों का समय बढ़ाया जाए, इसी के साथ पुलों और नाव के आवागमन को भी सुचारु रूप से चलने दिया जाए, ताकि किसी यात्री और व्यापारियों को किसी प्रकार के समस्या का सामना ना करना पड़े।
इसी के साथ जिला पंचायत के वसूले जा रहे टैक्स को भी कम किए जाने की मांग की गई।
बैठक में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद गुसांई ,नारायण सिंह रावत, दिलीप अग्रवाल, मनोज राजपूत संजय अग्रवाल, चंद्र मिश्र शुक्ला, नारायण सिंह राणा, आदेश तोमर, रजनीश शर्मा, मनीष राजपूत, रमन चोपड़ा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मदन सिंह, अशोक अग्रवाल, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

